**G-70**

**Ph. D (Hindi) Entrance Examination – 2014**

Time : 2 Hours  Max. Marks : 75

**प्रवेश-पत्र संख्या / Hall Ticket No.** ______________________

**अनुदेश Instructions :**

कृपया इस पृष्ठ पर तथा ओ एम आर उत्तर पुस्तिका पर अपनी प्रवेश-पत्र संख्या **जरूर** लिखें.

Please enter your Hall ticket Number on this page and also on the OMR answer sheet **without fail.**

ओ एम आर शीट पर दिये गये निर्देशानुसार प्रश्नों के **उत्तर ओ एम आर शीट पर ही लिखे जाने चाहिए.**

Answers are to be marked on the OMR answer sheet only following the instructions provided there upon.

प्रश्न-पत्र में कुल 75 वैकल्पिक प्रश्न दिये गये हैं. विश्वविद्यालय की नियमावली के अनुसार **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.33 अंक काट दिये जाएंगे.**

The question paper consists of 75 objective type questions and there will be negative marking of 0.33 mark for every wrong answer as per the University rules.

G-70

# Entrance Examination – 2014
# Ph.D. (Hindi)

**सूचना :** निम्नलिखित प्रश्नों के चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं, जिनमें केवल एक उत्तर सही है. सही उत्तर चुनकर OMR Sheet पर यथास्थान चिह्नित कीजिए.

1. महापंडित राहुल सांकृत्यायन ने स्वयंभू और पुष्पदंत की हस्तलिखित पोथियों से संग्रह करके कुछ महत्वपूर्ण रचनाएं अपने इस ग्रंथ में प्रकाशित की हैं.
   (A) चार्यापिटक (B) मिलिन्द प्रश्न
   (C) काव्यधारा (D) संदेश शतक

2. रामानंद के बारह प्रधान शिष्यों में ये नहीं थे -
   (A) रैदास (B) कबीरदास
   (C) परमानंद (D) राघवानंद

3. "भारतवर्ष का लोकनायक वही हो सकता है, जो समन्वय कर सके." - यह कथन किनका है?
   (A) आचार्य रामचंद्र शुक्ल (B) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
   (C) महावीर प्रसाद द्विवेदी (D) डॉ. नगेंद्र

4. सम्राट अकबर के दरबार में विनोदी और कवि के रूप में समादृत बीरबल 'ब्रह्म' का मूल नाम था-
   (A) गंगा प्रसाद (B) महेशदास भट्ट
   (C) महापात्र नरहरि (D) आसकरण

5. शब्द रूपों और वाक्य विन्यास की दृष्टि से यह आधुनिक खड़ीबोली के पर्याप्त निकट होती है -
   (A) बांगरू (B) बुंदेली
   (C) भोजपुरी (D) दक्खिनी

6. नवीन काव्यशास्त्रीय सिद्धांतों की उद्भावना न कर प्राचीन सिद्धांतों का आख्यान करनेवाले रीतिकालीन व्याख्याता आचार्य का नाम है -
(A) आनंदवर्धन (B) अप्पय्यदीक्षित
(C) अभिनवगुप्त (D) पंडितराज जगन्नाथ

7. पूरनचन्द मुंशी के 'अवध समाचार' का संबंध इस ज्ञान क्षेत्र से है -
(A) इतिहास (B) राजनीति
(C) भूगोल (D) ललित कला

8. हिंदी में ऐतिहासिक नाटकों का सूत्रपात इनके नाटकों से हुआ है -
(A) राधाचरण गोस्वामी (B) शिवनंदन सहाय
(C) बालकृष्ण भट्ट (D) जयशंकर प्रसाद

9. हिंदी में तुलनात्मक आलोचना का आरंभ इन्होंने किया -
(A) श्यामसुंदरदास (B) राधाकृष्णदास
(C) पद्मसिंह शर्मा (D) सुधाकर द्विवेदी

10. पोप के 'एस्से ऑन क्रिटिसिज़्म' का अनुवाद 'समालोचनादर्श' (1897) शीर्षक से इन्होंने किया -
(A) जगन्नाथदास 'रत्नाकर' (B) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(C) महावीरप्रसाद द्विवेदी (D) बाबू श्यामसुंदर दास

11. प्रसाद, 'निराला' और पंत पर 1931 ई. में पृथक-पृथक तीन निबंध लिख कर उन्हें छायावाद के बृहत् त्रयी घोषणा करने वाले आलोचक का नाम है -
(A) नंददुलारे वाजपेयी (B) शांतिप्रिय द्विवेदी
(C) डॉ. नगेंद्र (D) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

12. हिंदी भाषा से संबंधित पुस्तकों में उल्लेखनीय 'तुलनात्मक भाषाशास्त्र' (1926) शीर्षक पुस्तक के लेखक का नाम है -
(A) श्यामसुंदरदास (B) गौरीशंकर शुक्ल
(C) पद्मसिंह शर्मा (D) मंगलदेव शास्त्री

13. 'राष्ट्रभाषा और राष्ट्रीय साहित्य' इनके निबंध संग्रह का नाम है -
(A) शांतिप्रिय द्विवेदी (B) रामधारीसिंह दिनकर
(C) रामवृक्ष बेनीपुरी (D) वासुदेवशरण अग्रवाल

14. 'हिंदी साहित्य का अतीत' इनकी आलोचनात्मक कृति है -

(A) गुलाबराय (B) विश्वनाथप्रसाद मिश्र

(C) प्रकाशचंद्र गुप्त (D) डॉ. रामविलास शर्मा

15. पाठानुसंधान अथवा प्राचीन कृतियों के संपादन की दिशा में इनका योगदान अविस्मरणीय है -

(A) डॉ.विनय मोहन शर्मा (B) डॉ. माताप्रसाद गुप्त

(C) डॉ.सत्येंद्र (D) डॉ. प्रेमशंकर

16. हिंदी गद्य की विधाओं में भेंट-वार्ता या साक्षात्कार या इंटर्व्यू विधा का प्रारंभ इससे होता है -

(A) पंडित राधाचरण गोस्वामी का भारतेंदु हरिश्चद्र से साक्षात्कार

(B) पंडित चंद्रधर शर्मा गुलेरी का विष्णु दिगंबर पुलस्कर से भेंट-वार्ता

(C) बनारसीदास चतुर्वेदी का रत्नाकर जी से बातचीत

(D) उषादेवी मित्र का मुंशी प्रेमचंद से पत्राचार के माध्यम से इंटर्व्यू

17. 'आधुनिक हिंदी आलोचना के बीज शब्द' (1983) इनका उल्लेखनीय ग्रंथ है -

(A) डॉ. नामवर सिंह (B) रमेशचंद्र शाह

(C) विजयदेव नारायण साही (D) डॉ. बच्चन सिंह

18. अनुसंधान के क्षेत्र में प्रत्यक्ष विशेष तथ्यों के आधार पर सामान्य सिद्धांतों तक पहुँचने की प्रक्रिया को यह पद्धति कहते हैं -

(A) निगमंन पद्धति (B) आगमन पद्धति

(C) तर्क पद्धति (D) प्रयोग पद्धति

19. वस्तुओं, प्रवृत्तियों या प्रतिभासों से संबंधित जानकारी प्राप्त करके उसके विविध पहलुओं का मात्रापरक या गुणपरक अध्ययन करना इस तरह का शोध कहलाता है -

(A) दस्तावेजी शोध (Documentary Research)

(B) मननात्मक शोध (Reflective Research)

(C) व्याख्यात्मक शोध (Interpretative Research)

(D) सर्वेक्षणात्मक शोध (Survey Research)

20. एफ. एल. ह्विट्नी ने शोधार्थियों के लिए इस गुण को सबसे ज्यादा अपेक्षित गुण घोषित किया -

(A) शोधोत्सुकता (B) निर्माणात्मकता

(C) विवेचन-शक्ति (D) तर्क शक्ति

G-70

21. किसी भारतीय विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट उपाधि के लिए हिंदी विभाग के अंतर्गत स्वीकृत हिंदी साहित्य संबंधी सर्वप्रथम प्रस्तुत शोध-प्रबंध का शीर्षक है -
(A) दि थियोलॉजी ऑफ तुलसीदास (तुलसी का धर्म-दर्शन)
(B) कबीर अण्ड हिज़ फालोअर्स (कबीर तथा उनके अनुयायी)
(C) द निर्गुण स्कूल ऑफ हिंदी पोएट्री (हिंदी काव्य में निर्गुण संप्रदाय)
(D) सूरदास का धार्मिक काव्य

22. भारतीय काव्यशास्त्र का प्रथम उपलब्ध ग्रंथ है -
(A) रसगंगाधर
(B) ध्वन्यालोक
(C) साहित्य दर्पण
(D) नाट्यशास्त्र

23. भारतेंदु ने 'पूर्ण प्रकाश चंद्र प्रभा' नामक नाटक का अनुवाद इस भाषा से किया -
(A) बंगला
(B) मराठी
(C) उर्दू
(D) अंग्रेज़ी

24. जहां वाक्य के कुछ शब्दों का लोप करने के बावजूद अर्थ-बोध में कोई बाधा नहीं पहुँचती - भाषा का यह लक्षण कहलाता है -
(A) अर्थ संगति
(B) अध्याहार
(C) अन्विति
(D) पदबंध

25. 'क्रूर-दयालु' शब्द युग्म में इस प्रकार की विलोमता है-
(A) ध्रुवीय विलोमता
(B) क्रमिकीय विलोमता
(C) संबंधी विलोमता
(D) अनुवर्ती विलोमता

26. वाक्य में व्यवहृत स्वतंत्र सार्थक इकाई को कहते हैं -
(A) शब्द
(B) पद
(C) रूप
(D) रूपिम

27. देवनागरी लिपि इस लिपि से विकसित हुई -
(A) खरोष्ठी लिपि
(B) ब्राह्मी लिपि
(C) सुमेरी लिपि
(D) मांगल्य लिपि

28. 'आदिवासी दुनिया' (2013) इनके द्वारा लिखित ग्रंथ का नाम है -
(A) तारू मुंडा
(B) यशोदा मीणा
(C) रामचंद्र पलात
(D) हरिराम मीणा

29. ‘शातनार’ द्वारा रचित तमिल महाकाव्य का शीर्षक है -
(A) मणिमेखलै (B) शिलप्पधिकारम
(C) नालडियार (D) तिरुवल्लुवर

30. हिंदी के आरंभिक उपन्यासकार जो अंग्रेज़ी के प्रसिद्ध उपन्यासकार ऑर्थन कानन डायल से प्रभावित हुए -
(A) लज्जाराम शर्मा (B) गोपालराम गहमरी
(C) किशोरीलाल गोस्वामी (D) देवकीनंदन खत्री

31. *“एक राजा ओ। बु बहौत आलसी ओ। राजकाजु में बाकौ मन नाय लगतौ ओ। एक दिन बु बीमार परि गयौ। डॉक्टरन नें कही - राजा दबाई की आबस्यकता नाय। बे अच्छे है जाइंगे। बे नगर के सबसौं सुखी आदमी के कपड़ा पहिरें, बस जेई बिनकी दबाई ए।”* - यह हिंदी की किस उप भाषा / बोली का नमूना है?
(A) हरियाणवी (B) अवधी
(C) ब्रज (D) भोजपुरी

32. मुंबई के महानगरीय परिवेश के आधार पर लिखित चित्रा मुद्गल के उपन्यास का शीर्षक है -
(A) एक ज़मीन अपनी (B) डूब
(C) माई (D) पीढ़ियां

33. अज्ञेय द्वारा संपादित ‘तीसरा सप्तक’ का प्रथम प्रकाशन इस वर्ष में हुआ था -
(A) 1967 (B) 1959
(C) 1972 (D) 1970

34. ‘मुख मानो चांद है’ - यह वाक्य इस अलंकार का उदाहरण है -
(A) उत्प्रेक्षा (B) रूपक
(C) उपमा (D) काव्यलिंग

35. वामन द्वारा निरूपित माधुर्य गुण का लक्षण है -
(A) कोमलता (B) शब्दों की पृथकता
(C) कठोरता का अभाव (D) रचना-शैली की उज्ज्वलता

36. “किसी भी शब्द और वाक्य से जितने भी अर्थ प्रतीत होते हैं, उन सभी में अभिधा शक्ति का ही कार्य होता है” - इस कथन में विश्वास रखनेवाले अभिधावादियों को कहा जाता है -
(A) निमित्तवादी (B) अन्विताभिधानवादी
(C) दीर्घतराभिधानव्यापारवादी (D) अभिहितान्वयवादी

37. जहां कवि अपनी प्रतिभा के बल पर किसी शब्द के रूढ़ या वाच्य अर्थ को इस प्रकार परिवर्तित कर दे जिससे उक्ति में सौंदर्य आ जाएं, उसे कहते हैं -

(A) पर्याय वक्रता (B) रूढ़ि-वैचित्र्य वक्रता

(C) विशेषण वक्रता (D) उपचार वक्रता

38. लौंजाइनस ने (213-276 ई.) अपने उदात्त-तत्व संबंधी ग्रंथ 'ऑन द सबलाइम' में इन दो प्रकारों के औचित्य की विवेचना की है -

(A) अलंकार औचित्य एवं शब्द औचित्य (B) घटनौचित्य और रूपक औचित्य

(C) विशेषणौचित्य और विषयौचित्य (D) रूपकौचित्य और विषयौचित्य

39. 'बृहत् कथा' किसने लिखी?

(A) आचार्य विश्वनाथ (B) गुणाढ्य

(C) भरतमुनि (D) आनंदवर्धन

40. क्रोचे के विचारों के अनुसार कौन-सा कथन सही है -

(A) सहजानुभूति, अभिव्यंजना और कला तीनों पर्यायवाची नहीं हैं.
(B) कला में विषय और शैली की भिन्नता रहती है.
(C) कला सृजन की प्रक्रिया और कला आस्वादन प्रक्रिया मूलत: एक ही हैं.
(D) सामान्य अनुभूति और कलाजन्य अनुभूति में मात्रा का अंतर नहीं है.

41. किस आलोचक ने भविष्यवाणी की थी कि ज्यों-ज्यों समय बीतेगा, मानवता इस सत्य का अनुसंधान करेगी कि जीवन की व्याख्या के लिए, उसे सच्चा सुख एवं शांति प्रदान करने के लिए तथा उसे परिपूर्ण बनाने के लिए काव्य की भी उतनी ही आवश्यकता है, जितनी कि विज्ञान की.

(A) मैथ्यू ऑर्नल्ड (B) मोनियर विलियम्स

(C) आई.ए.रिचर्ड्स (D) रेनेवेलेक

42. "किसी भी रचना की निष्पक्ष एवं तटस्थ समीक्षा राग-द्वेष से मुक्त निष्पक्ष समीक्षक ही कर सकता है, स्वयं कवि नहीं." यह विचार किस आलोचक का है?

(A) एबर क्रोंबे (B) हडसन डब्ल्यू एच

(C) ई एम फोस्टर (D) टी.एस.इलियट

43. किस विद्वान ने अपने किस ग्रंथ में ऋतु तथा प्रसवन शक्ति से संबंधित कर्मकांड को मिथक शास्त्र का प्रच्छन्न आधार माना है?

(A) मेलिनोविस्की ने 'मिथ इन प्रेमिटिव साइकोलॉजी' में

(B) विल्बर एस स्कॉट ने 'फाइव एप्रोचेस ऑफ लिटररी क्रिटिसिज़्म' में

(C) फ्रेज़र ने 'गोल्डन बो' में

(D) केसिरर ने 'लैंग्वेज़ अण्ड मिथ' में

44. महात्मा गांधी और राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन की प्रेरणा से राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की स्थापना कहाँ हुई ?
(A) सन् 1919 में इन्दौर में
(B) सन् 1939 में वर्धा में
(C) सन् 1920 में अहमदाबाद में
(D) सन् 1917 में प्रयाग में

45. भारत से मॉरिशस गये गिरमिटिया मजदूरों की कथा इस उपन्यास में कही गयी है -
(A) लाल पसीना (1977)
(B) हवन (1992)
(C) गाथा अमरबेल की (2000)
(D) लौटना (1997)

46. प्रथम ग्राम केंद्रित भारतीय उपन्यास का नाम है -
(A) गोदान - प्रेमचंद
(B) छह माण आठ गुण्ठ-फकीर मोहन सेनापति
(C) संस्कार - यू आर अनंतमूर्ति
(D) सरस्वतीचंद्र - गोवर्धनराम त्रिपाठी

47. I implore you, please stop that noise. - इसका सही अनुवाद है-
(A) मैं कहता हूँ कि आवाज़ बंद करो.
(B) मैं नमस्कार करता हूँ कृपया उस ध्वनि को बंद करो.
(C) मैं हाथ जोड़ता हूँ, हल्ला बंद करो.
(D) मैं हाथ उठा कर कहता हूँ शोर बंद करो.

48. "वाद-विवाद फिर नये सिरे से चल पड़ा." - का सही अंग्रेज़ी अनुवाद है -
(A) The discussion was started again.
(B) The controversy was revived.
(C) The controversy was restarted again afresh.
(D) The discussion again afresh started.

49. Mandatory requirement का हिंदी पर्याय होगा -
(A) आवश्यक ज़रूरत
(B) आज्ञापक अपेक्षा
(C) युक्तियुक्त आवश्यकता
(D) श्रम दिन आवश्यकता

50. 'इसका अर्थ यह समझा जाएगा' का अंग्रेज़ी अनुवाद है -
(A) It will be considered.
(B) It is meant.
(C) It will be constructed.
(D) It will be construed.

51. मिथकीय समीक्षा का प्रवर्तक किसको माना गया है?
(A) मैथ्यू आर्नल्ड
(B) नार्थाप फ्राई
(C) कुंतक
(D) वर्ड्सवर्थ

52. उर्दू शब्द की व्युत्पत्ति किस भाषा से हुई है?
(A) अरबी
(B) हिंदी
(C) तुर्की
(D) फ़ारसी

53. "हम कौन थे, क्या हो गए हैं और क्या होंगे अभी, आओ विचारें आज मिलकर ये समस्याएँ सभी" - किस ग्रंथ से उद्धृत पंक्तियाँ हैं?
(A) साकेत
(B) पंचवटी
(C) भारत-भारती
(D) द्वापर

54. "मनुष्यों की मुक्ति की तरह कविता की भी मुक्ति होती है, मनुष्य की मुक्ति, कर्म के बंधन से छुटकारा पाना है और कविता की मुक्ति छन्दों के शासन से अलग हो जाना है" - किसका कथन है?
(A) रामचंद्र शुक्ल
(B) सुमित्रानंदन पंत
(C) जयशंकर प्रसाद
(D) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

55. निम्नलिखित भाषाविदों को उनके ग्रंथों के साथ सुमेलित कीजिए -

| | |
|---|---|
| क. नामवरसिंह | 1. हिंदी शब्दानुशासन |
| ख. किशोरीदास वाजपेयी | 2. हिंदी भाषा का उद्भव और विकास |
| ग. रामविलास शर्मा | 3. हिंदी के विकास में अपभ्रंश का योग |
| घ. उदयनारायण तिवारी | 4. भाषा और समाज |

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (B) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (D) | 3 | 1 | 4 | 2 |

56. मराठी दलित आत्मकथा 'उठाईगीर' (उचल्या) के रचनाकार हैं -
(A) शरणकुमार लिंबाले
(B) पार्थ पोलके
(C) दया पवार
(D) लक्ष्मण गायकवाड़

57. 'यादों के पंछी' किस विधा की रचना है?
(A) आत्मकथा
(B) संस्मरण
(C) डायरी
(D) उपन्यास

58. प्रयोजनमूलक हिंदी की अवधारणा के जन्मदाता माने जाते हैं -
(A) प्रो. कृष्णकुमार गोस्वामी
(B) प्रो. वी.रा. जगन्नाथन
(C) मोटूरि सत्यनारायण
(D) वेमूरि आंजनेय शर्मा

59. इनमें से कौन-सी भाषा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं है -
(A) बोडो (B) मैथिली
(C) भोजपुरी (D) संथाली

60. 'वयं रक्षाम:' किस विधा की रचना है?
(A) उपन्यास (B) खण्डकाव्य
(C) महाकाव्य (D) चम्पू काव्य

61. 'मोटिफ' के लिए हिंदी में शब्द है -
(A) रूपक (B) कथावस्तु
(C) कथानक रूढ़ि (D) वस्तु

62. "यह प्रतिज्ञा-पत्र भारतीय स्वाधीनता के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखा जाने योग्य है" - 'कविवचन सुधा' पत्र के बारे में यह किसका कथन है -
(A) महावीर प्रसाद द्विवेदी (B) बच्चन सिंह
(C) रामविलास शर्मा (D) श्यामसुंदर दास

63. हिंदी की प्रथम लघु पत्रिका कौन-सी है?
(A) क, ख, ग (B) नए पत्ते
(C) नई कविता (D) नया प्रतीक

64. 'मीमांसा' दर्शन के प्रवर्तक थे -
(A) जैमिनी (B) विष्णु स्वामी
(C) पार्श्वनाथ (D) जम्भनाथ

65. सहजोबाई की प्रतिनिधि कृति है -
(A) सहजप्रकाश (B) नागरसमुच्चय
(C) श्रृंगार (D) कृष्णविलास

66. निम्नलिखित में से किसकी रचना सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' ने नहीं की -
(A) रेणुका (B) अनामिका
(C) गीतिका (D) परिमल

67. हिंदी प्रेमाख्यानों की कथावस्तु के स्रोत के रूप में इनको स्वीकार नहीं किया जा सकता है -
(A) 'महाभारत', 'हरिवंश पुराण', 'विष्णुपुराण' आदि पौराणिक ग्रंथ
(B) यूरोप की ऐतिहासिक गाथाएं
(C) विभिन्न प्रेमी-प्रेमिकाओं की भारत में लोक-प्रचलित प्रेम कथाएं
(D) प्राकृत-संस्कृत की परंपरागत कथानक रूढ़ियां

G-70

68. कृष्णलीलाओं का संस्कृत काव्यों में सबसे पहले उल्लेख इनके काव्य में मिलता है -
(A) अश्वघोष का 'ब्रहमचरित'
(B) हाल रचित 'गाहा सतसई'
(C) जयदेव रचित 'गीतगोविंद'
(D) बौपदेव की 'हरिलीला'

69. "उपन्यास की अर्थवत्ता उसके यथार्थ में नहीं, उसे समेटने की प्रक्रिया में, उसके संघटन की अंदरूनी चालाकी शक्ति में निहित है." - यह किनका कथन है?
(A) कमलेश्वर
(B) कृष्णदत्त पालीवाल
(C) निर्मल वर्मा
(D) राजेंद्र यादव

70. 'भारतीय काव्यशास्त्र : नव मूल्यांकन' किनके द्वारा लिखित ग्रंथ है?
(A) डॉ. देवेंद्रनाथ शर्मा
(B) डॉ. राममूर्ति त्रिपाठी
(C) डॉ. नगेंद्र
(D) विद्यानिवास मिश्र

71. 'सिद्धांत और अध्ययन' इनका प्रमुख काव्यशास्त्रीय ग्रंथ है -
(A) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
(B) प्रकाशचंद्र गुप्त
(C) रामविलास शर्मा
(D) गुलाबराय

72. 'प्रतिमान' पत्रिका के संपादक हैं -
(A) एकांत श्रीवास्तव
(B) मैनेजर पाण्डेय
(C) अभय कुमार दुबे
(D) संजय जोशी

73. एक निश्चित सामाजिक संदर्भ में भाषा के जरिए किसी एक विषय के इर्द-गिर्द होती हुई बहस द्वारा व्याख्याओं, तात्पर्य और मान्यताओं के निर्माण की प्रक्रिया को यह नाम दिया जा सकता है -
(A) आलोचना
(B) समीक्षा
(C) विमर्श
(D) अनुसंधान

74. निम्न लिखित में से किसे ऐसा दायरा माना जाता है जिसके तहत व्यक्ति और समुदाय यह बताते हैं कि वे खुद को क्या समझते हैं -
(A) संस्कृतीकरण
(B) समीकरण
(C) जातीयता
(D) अस्मिता

75. संविधान के किस अनुच्छेद में देवनागरी लिपि में हिंदी को संघ की राजभाषा घोषित किया गया -
(A) अनुच्छेद-351
(B) अनुच्छेद 343 (1)
(C) अनुच्छेद 302
(D) अनुच्छेद 350 (2)

* * *